**महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण / ई-मेल**

प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

**संख्या : प्राशिप / अनु03 / पुनर्मूल्यांकन मई-जून 2025 /** 3069 **लखनऊ : दिनांक** 19 / 08 **/ 2025**

**विषयः- सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई-जून 2025 के पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई-जून 2025 के परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत कतिपय विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं में परीक्षक द्वारा प्रदान किये गये अंकों से असंतुष्ट छात्र / छात्राओं की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराने हेतु दिनांक 18.07.2025 से 22.07.2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

अवगत कराना है कि अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ / अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन द्वारा सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई-जून 2025 का पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किये जाने के पश्चात पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। उक्त परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर RESULT नामक लिंक उपलब्ध है। छात्र / छात्राऐं परीक्षा परिणाम पंजीकरण संख्या (Enrollment N0.) एवं जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं। अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें तथा उक्त सूचना संस्था के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

**पृ0 सं0 : प्राशिप / अनु03 / पुनर्मूल्यांकन मई-जून 2025 /** 3070-74 **तद् दिनांक** 19 / 08 **/ 2025**

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ सादर प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई-जून 2025 के पुनर्मूल्यांकन के परिणाम हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर लिंक प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।